हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 14 जनवरी 2024
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

10 101 दीप यज्ञ कर मानसिक रोगियों के स्वस्थ होने की ....



11 विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए नगरवासी



# सुकमा के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित इलाके में पुलिस नया कैंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## कैम्प खुलने से क्षेत्र के लोगों को नक्सल आंतक से मिलेगी राहत

सुकमा के ढुलेर इलाके में एक सप्ताह में खुला दुसरा नया कैम्प



सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित व नक्सलियों के बटालियन नम्बर एक का गढ़ माने जाने वाले इलाके में एक सप्ताह के अंदर दूसरा नया पुलिस कैम्प खोलकर नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन चलाने की मुहिम शुरू कर दी गई है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शुक्रवार को सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुकमा व बीजापुर जिले की सीमा पर ग्राम दुलेर एवं मेट्टागुड़ा के बीच नवीन कैंम्प स्थापित किया गया है। यह इलाका नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नंबर एक के मुख्यालय के रूप में पहचान रखने वाले क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर, जिला बल, कोबरा 201, 206 बटालियन व सीआरपीएफ 2 बटालियन के विशेष सहयोग से नवीन कैंप स्थापित किया गया। पिछले एक सप्ताह में सुकमा पुलिस एवं सीआरपीएफ ने इलाके में दूसरा कैंप खोला है। नवीन कैंप स्थापित होने से नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन के खिलाफ ऑपरेशन में तेजी आएगी। नवीन कैंप स्थापना होने से नक्सलियों के गढ़ कहे जाने क्षेत्र में एक ओर जहां ग्रामीणों को नक्सल आतंक से राहत मिलेगा वहीं दूसरी ओर आस पास के क्षेत्र में निवास करने वाले लोग मुख्यधारा से जुड़ेंगें और लोगों को शासन के द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यों सड़क, पुल-पुलिया, भवन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं, मोबाइल कनेक्टिविटी व अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं लाभ मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### हमारी सरकार सभी शिशु मंदिरों को सुदृढ़ करेगी : केदार

**जगदलपुर।** सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जगदलपुर के मार्गदर्शन पर तीन दिवसीय जिला स्तरीय क्रीडा स्पर्धा का आयोजन बकावंड विकासखंड के जैतगिरी में किया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं विभिन्न विधाओं में अपनी हुनर दिखाएं। रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्पर्धा में कुल 17 विद्यालय से करीब 475 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 11 जनवरी को समापन समारोह में वनमंत्री केदार कश्यप पहुंचे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस क्षेत्र व सारे शिशु मंदिर को सुदृढ़ करेगा। सरस्वती शिशु मंदिर व्यक्ति का निर्माण करने वाली संस्था है। उन्होंने आचार्य एवं दीदीयों को बधाई देते हुए कहा आप लोगों के द्वारा सही दिशा दिया जा रहा है एवं शारीरिक व मानसिक आध्यात्मिक हर दृष्टि से उनको मजबूती देकर बस्तर ही नहीं पूरे देश की सेवा में आगे बढ़ाने के लिए उनको प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमंत पांडे ने किया। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम भारती जिला सचिव रामानुज पांडे, एवं ग्राम भारती जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह भोयर, जिला समन्वयक संतोष ऊके एवं विभिन्न विद्यालय के प्रधानाचार्य, आचार्य, दीदीयों एवं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमारी डिकेश्वरी वैश का सहयोग रहा।

### फेल ट्रांसफार्मर बदला 2 घंटे तक बिजली बंद



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी के जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली लाईन और फीडरों की मरम्मत में अधिकारी, कर्मचारी जुट जा रहे हैं। शनिवार को फेल ट्रांसफार्मर को बदलने, 11 केव्ही एयरपोर्ट लाइन का किया विस्तार कार्य एवं ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए 11 बजे से एक बजे तक बिजली बंद कर कार्य किया। इसमें सहायक अभियंता निरंजन सिंह कंवर, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, बीएस उरांव, दीपिका पटेल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया। बंद बिजली से डोंगरीपारा, फ्रेजरपुर, शांतीनगर, आकाश नगर, हाऊसिंग बोर्ड, राजीव गांधी वार्ड, इंडस्ट्रीयल एरिया, 36 क्वार्टर, नयामुंडा, महरानी वार्ड, सिंचाई कॉलोनी, रेल्वे स्कूल, बोधघाट थाना चौक, रमा रेसीडेशिस कॉलोनी, डीआरडीओ, चित्रकोट रोड, गायत्री माता मंदिर, बालाजी मंदिर, गायत्री नगर, हिकमीपारा, मोतीतालाब पारा, कांग्रेस भवन, संजय मार्केट क्षेत्र के उपभोक्ता प्रभावित रहे।

### मोबाइल चोर गिरफ्तार सीसीटीव्ही फुटेज से पकड़ाया



**दंतेवाड़ा।** बारसूर पुलिस ने मोबाइल चोर को घटना के कुछ ही समय पश्चात धर दबोचा। पुलिस के आला अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर उन्नती ठाकुर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी राजेश चण्ड के नेतृत्व में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के दौरान प्रार्थी के आवेदन पर 12 जनवरी को अज्ञात चोर के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अपराध ▶▶| शेष पेज 10 पर

## घटना के विरोध में 16 को ज्ञापन व 23 को बस्तर व सरगुजा संभाग बंद

# हसदेव की कटाई व मासूम की मौत के विरोध में सर्व आदिवासी समाज करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शनिवार को सर्व आदिवासी समाज की बैठक में लिया गया निर्णय

हसदेव जंगल की कटाई व बीजापुर जिले में हुए मुठभेड़ के दौरान क्रास फायरिंग की चपेट में आने से मासूम की मौत के विरोध में सर्व आदिवासी समाज 23 जनवरी को बस्तर व सरगुजा संभाग बंद करेगी। शनिवार को सर्व आदिवासी समाज की संभागीय बैठक में यह निर्णय लिया है। सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर व जिला अध्यक्ष गंगा नाग के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने बताया कि



सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग के तत्वाधान में बैठक आयोजित की गई थी जिसमें छत्तीसगढ़ के पेपड़ा कहा जाने वाला अरण्य जंगल सरगुजा संभाग के आन बान शान पहचान हसंदेव जंगल की कटाई के विरोध में व बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के ग्राम मुदवेंडी में हुए फर्जी मुठभेड़ में पिड़िता मासे सोढ़ी को अपनी मासूम बच्ची से हाथ धोना पड़ा था के विरोध में सर्व आदिवासी समाज के द्वारा बैठक आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि हंसदेव जंगल की कटाई रोकने व फर्जी मुठभेड़ मामले में 16 जनवरी को राज्यपाल व राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन दिया जाएगा। इसके उपरांत 23 जनवरी को दो चरण में रैली निकालकर बस्तर व सरगुजा संभाग में प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, जिला अध्यक्ष गंगा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## नवजात की बिक्री मामले में आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि फॉलोअप

■ अस्पताल में पदस्थ नर्स पदमा नेताम थी मास्टर माइंड

**सुकमा।** अस्पताल में पदस्थ नर्स पदमा नेताम द्वारा नवजात बच्चों को बेचने का मामला सामने आया था। बाल सरक्षण विभाग व अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद न्ययालय में पेश किया गया जहां से न्यायायिक रिमांड पर भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक 4 जनवरी को अस्पताल में नवजात का जन्म हुआ। उसके बाद नर्स पदमा नेताम लगातार नवजात के परिजनों से संपर्क करती रही। परिजन काफी गरीब व भोले-भाले होने के साथ पहले बच्चे होने का फायदा उठाते हुए नवजात को अपने साथियो के साथ दूसरे दम्पति को बेच दिया। जिसकी सूचना मिलते ही बाल संरक्षण अधिकारी व अस्पताल प्रबधंन ने पुलिस को सूचना दी और एफआईआर दर्ज की गई। जिसके बाद पुलिस परिजनों तक पहुँची उनके बयान के आधार पर आरोपी नर्स पदमा नेताम को हिरासत में लिया उसके बाद एक-एक कर आधा दर्जन आरोपी को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि हेमवती कश्यप पति विश्वनाथ कश्यप, पदमा नेताम पति चन्द्र प्रकाश नेताम, रेतुराम नाग पिता भगतराम समेत शिशु के माता-पिता को गिरफ्तार कर न्ययालय में पेश किया गया जहाँ से न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## जिलाबदर के बाद भी शहर में जुआ खेलता संतोष गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ 10 अगस्त 2023 को एक वर्ष के लिए किया गया था जिलाबदर

बोधघाट थाना के आदतन बदमाश को एक बार फिर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी को एक वर्ष के लिए जिलाबदर किया गया था, लेकिन समय से पूर्व ही वह शहर में आकर दोस्तों के जुआ खेल रहा था तभी मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी संतोष उर्फ टिरली निवासी संतोषी वार्ड को कलेक्टर के जिलाबदर आदेश की अवहेलना करने पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को जिलाबदर के आदेश के बाद भी वह शहर में आकर जुआ खेल रहा था, जिसकी सूचना पर बोधघाट पुलिस ने कारर्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। शहर के संतोषी वार्ड निवासी आरोपी संतोष उर्फ टिरली के खिलाफ कलेक्टर द्वारा 10 अगस्त 2023 को जिलाबदर आदेश जारी कर एक वर्ष के लिए बस्तर जिला छोड़ने निर्देश किया गया था। बावजूद संतोष के द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए जगदलपुर के संतोषी वार्ड में अपने साथियों के साथ मिलकर जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ छग जन सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सूचना मिलने पर आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## शिक्षक को शराबी चालक ने मारी टक्कर, मौत

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आड़ावाल में व्याख्याता के पद पर थे पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ आरोपी वाहन चालक बाइक समेत गिरफ्तार

शहर के शारदा कान्वेन्ट स्कूल के पीछे धरमपुरा निवासी सुनील चाको 52 वर्ष प्रतिदिन की तरह दलपत सागर के किनारे रात लगभग 8.45 बजे पैदल टहल रहे थे, तभी धरमपुरा की ओर से आ रहे शराबी दुपहिया वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर व पैर में लगे गंभीर चोट के बाद उन्हें उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक छग शिक्षक कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य सुनील चाको शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आड़ावाल में व्याख्याता के पद पर पदस्थ थे। रात में टहलने के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 17 केयू 4945 के चालक द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मारी। उपचार के दौरान रात लगभग पौने 1 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुत्र डॉ. बेविन सुनील चाको ने बताया कि पिता प्रतिदिन की तरह भोजन के बाद टहलने निकले थे, तभी दलपत सागर रोड मंदिर के करीब पीछे से आ रहे दुपहिया वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में सिर व दाहिने पैर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें तत्काल 108 वाहन से महारानी अस्पताल उपचार के लिए भर्ती कराया गया लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 304 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी डमरू यादव 19 वर्ष निवासी चोकावाड़ा थाना नगरनार को गिरफ्तार कर उसका डाक्टरी मुलाहिजा करवाया गया, जिसमें उसके नशे में होने की पुष्टि हुई है मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आरओबी के लिए ठेकेदार ने किया अनुबंध पर निर्माण कार्य शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आरओबी का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके लिए टेंडर तो हुआ पर प्रभावित ग्रामीणों ने आरओबी की जमीन पर फसल लगाया पर अब तक उसकी कटाई नहीं की गई थी। वर्तमान में फसल की कटाई होने के बाद भी संबंधित ठेकेदार ने अनुबंध को किया, पर अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। बस्तर जिले के सुकमा रोड में स्थित केशलूर के पास रेलवे क्रॉसिंग और इसके आसपास आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसके साथ ही कोंटा से जगदलपुर के रास्ते जाने और आने वाली यात्री और गुड्स ट्रेनों के गुजरने के दौरान क्रॉसिंग में हर दिन काफी समय लोगों का बरबाद होता है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग में 5 हैक्टेयर क्षेत्र में 1900 मीटर लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जाएगा, इसकी लागत लगभग 100 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

### शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होगा

लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता आरके गुरू ने बताया कि विभाग से ठेकेदार ने अनुबंध किया। अब शीघ्र ही आरओबी का निर्माण कार्य शुरू करेगा।

## कुलपति का अभाविप ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ सहायक प्राध्यापक व तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग भर्ती में की गई अनियमितता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति आरएस कूरेल का पुतला फूंका। इस दौरान नगर प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विवेक मंडल ने कहा विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक समेत तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी भर्ती का विज्ञापन निकाला है, जिसमें भारी अनियमितता सामने आई है। दरअसल विश्वविद्यालय ने इस वर्ष सहायक प्राध्यापक के 38 पदों एवं तृतीय और चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के 21 पदों पर व्यापक स्तर पर अन्य अनियमितता एवं गाइड लाइंस का उल्लंघन किया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के नियमों के अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों की सीधी भर्ती से स्किल टेस्ट लेने का प्रावधान नहीं है, बावजूद इसके महात्मा गांधी वानिकी



एवं उद्यान की विश्वविद्यालय ने इन भर्तियों में स्किल टेस्ट के नाम में से 30 एवं 40 अंक निर्धारित किए हैं। इन्होंने भृत्य के पदों पर भर्ती के लिए 40 अंक स्किल टेस्ट के लिए निर्धारित किए हैं। इस तरह के प्रावधान जोड़ने का सीधा आशय यह दिखाता है कि इसमें प्रत्यक्ष पर परोक्ष रूप से भ्रष्टाचार कर अपने करीबियों को भर्ती करने का योजना है। वहीं यदि सहायक प्राध्यापक पद की बात करें तो, कुलपति ने महात्मा गांधी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 के नियमों का भी पालन नहीं किया है। इस दौरान परिवेद दुबे, ईश्वर आचार्य, संजय मुखर्जी, वैभव दास, अश्विन पिल्ले, रितेश झा, दीपक, प्रशांत, नुशांत समेत अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माता के संघर्ष और संबल से मिली सफलता

# फरसागुड़ा की बेटी गीतांजलि पहले ही प्रयास में बनी सिविल जज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ राजनीतिज्ञ कश्यप परिवार की न्यायिक सेवा में पहली सदस्य बनी

जब मैं ढाई साल की थी तब पिता की दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी। मां ने संघर्ष करते हुए मुझे पाला, पोसा और इस मुकाम तक पहुंचाया। सिविल जज के पद पर पहुंचने का पूरा श्रेय मेरी माता चित्रा कश्यप को जाता है। उन्होंने उंगली पकड़कर आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया। पिता के देहांत के बाद चाचा केदार कश्यप ने पढ़ाई में पूरी मदद की। बस्तर के प्रमुख राजनीतिक कश्यप परिवार की सदस्य धाकड़ नेता रहे बलीराम कश्यप के पुत्र स्व. चंद्रशेखर कश्यप की बेटी गीतांजली कश्यप ने सिविल जज बनने के बाद हरिभूमि से विशेष चर्चा में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर भानपुरी में पहली, दुसरी कक्षा की हिन्दी में पढ़ाई के बाद रायपुर के होली हर्ट एजुकेशन एकेडमी में अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई के लिए फिर से पहली कक्षा में दाखिला लेना पड़ा। यहां 8वीं तक पढ़ाई के बाद डीपीएस रिसाली भिलाई में 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई की। उस समय तक किस क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना है उसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। 12वीं तक कामर्स विषय था इसलिए मन में यह सोच थी कि बीबीए कर कहीं जॉब कर लूंगी।



लेकिन अचानक एक अंकल ने न्यायिक सेवा में बेहतर कैरियर होने की बात कहते इसी क्षेत्र में पढ़ाई करने को कहा। यहां से मेरे जीवन का टर्निंग पाइंट शुरू हुआ। मां के साथ मैंने इस पर जानकारी प्राप्त करने के लिए कई जगह से संपर्क साधा और बाद में ऐसा लगा कि इस क्षेत्र में काफी नाम और शोहरत है। उसके बाद हिदायतुल्ला लॉ यूनिर्वसिटी रायपुर में कानून की पढ़ाई और मेट्स यूनिर्वसिटी में एलएलएम की परीक्षा पास करने के बाद बिलासपुर और रायपुर में कोचिंग की। इस बात की मुझे खुशी है कि पहले ही प्रयास में मुझे यह सफलता ▶▶| शेष पेज 10 पर

### नक्सल, झीरम और निर्भया पर सवाल

गीतांजली कश्यप ने कहा कि साक्षात्कार के समय बस्तर की बेटी होने के कारण मुझसे बस्तर से संबंधित काफी सवाल ज्यादा पूछे गए। नक्सलवाद और झीरम कांड पर भी पूछा गया। वहीं निर्भया केस के बार में भी सवाल किए गए। कुल मिलाकर कानून समेत सामान्य ज्ञान के मिले जुले सवाल में बस्तर से संबंधित प्रश्न अधिक रहे।

### ठान ली थी ऊंची जगह बेटी को पहुंचाऊंगी

माता चित्रा कश्यप ने बेटी की इस उपलब्धि पर कहा कि मुझे गर्व है कि गीतांजली ने मेरे बताए मार्ग पर चलकर कड़ी मेहनत की और मेरे संघर्ष को उसने इनाम दिया। पति के देहांत के बाद मैंने ठान लिया था कि बेटी को पिता की कमी महसूस होने नहीं दूंगी। मां-बाप की भूमिका निभाती हुई मैंने यह संकल्प लिया था कि बेटी को ऊंचे मुकाम पर पहुंचाऊंगी और आज यह सपना साकार हुआ है। मार्गदर्शन और योगदान हमारा जरूर है लेकिन सिविल जज बनने के लिए गीतांजली ने कड़ी मेहनत की है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप



### दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

कोण्डागांव। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा का दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि सनाय नेताम सरपंच ग्राम पंचायत दहिकोंगा, कार्यक्रम अध्यक्ष लुभा सिंह नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि संजीव दुबे अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, फरसराम बघेल पूर्व उप सरपंच ग्राम पंचायत दहिकोंगा, प्रदीप मौर्य, संतो नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्य, पनेश्वरी पटेल, समली मरावी सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति दहिकोंगा के अतिथि में संपन्न किया गया।

### संकुल सोनाबाल में अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण संपन्न



कोण्डागांव। विकासखण्ड कोण्डागांव के संकुल केन्द्र सोनाबाल में 12 जनवरी शुक्रवार को संकुल समन्वयक हेमदत्तेष्वर पटेल एवं श्रीमती सुशीला बाकड़े के मार्गदर्शन में अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इस अवसर पर कुल 13 एक्टिव मदर को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें चार प्राथमिक शालाओं के एक–एक शिक्षक शिक्षिकाए भी उपस्थित थे। अंगना म शिक्षा के तहत तीन माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च के भाषाई एवं गणितीय गतिविधि की जानकारी दी गई । यह भी बताया गया कि जनवरी, फरवरी एवं मार्च के अंतिम सप्ताह में गणित एवं भाषा से संबंधित विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेल व क्रियात्मक गतिविधियां कराया जाएगा।

### बाबा साहेब सेवा संस्था ने उजरी बाई को व्हीलचेयर की भेंट



कोण्डागांव। कोंडागांव समाज कल्याण विभाग के सहयोग से उजरी बाई कोर्राम पति पुरन सिंग कोर्राम ग्राम चिपावंड के निवासी हैं जो प्रेम नगर में उनकी बडी बेटी के यहां रह रही है। बाबा साहेब सेवा संस्था को बिरज नाग के माध्यम से पता चलते ही बाबा साहेब सेवा संस्था ने जाकर व्हीलचेयर भेट किया। इस कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक पंचूराम सागर, अध्यक्ष मुकेश मारकंडेय, पुष्कर सिंह मांडवी, ओमप्रकाश नाग, बिराज नाग, देवानंद चोरे, सिद्धार्थ महाजन, संदीप वासनिकर, उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान



कोण्डागांव। राष्ट्रीय युवा दिवस पर नवाचारी शिक्षण समूह इंद्रधनुष कोंडागांव के शिक्षकों द्वारा समाज के प्रति मानवता का परिचय देते हुए शिवचरण साहू द्वारा बागबेडा निवासी मरीज दिलेश्वरी नेताम, शिक्षक हीरालाल चुरेंद्र ने कोंगेरा कटुलनार की आंगनबाडी कार्यकर्ता मनोती नेताम, शिक्षक रूपेंद्र साहू द्वारा सात वर्षीय छात्र दिव्यांश, शिक्षक विजय सोरी ने वृद्धा आश्रम की माता सुभाय कोर्राम को ओ पॉजिटिव रक्तदान किया। यह रक्तदान युवाओं के प्रेरणा श्रोत स्वामी विवेकनंद जी की जयंती पर निःशुल्क रक्त प्रदान किया गया । टीम इंद्रधनुष के सक्रिय सदस्य नीरज ठाकुर सूरज नेताम जुजिस्थिर साहू ,रामानंद मंडावी, हेमंत मरकाम , तुकेश्वर साहू ,अखिलेश ठाकुर ,लगातार अपनी सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए शिक्षण के साथ साथ समाज में एनीमिया मुक्ति और स्वास्थ्य जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा हैं।

### युवाओं ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव का देखा सीधा प्रसारण



कोण्डागांव। युवाओं के आदर्श और प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाता है। नासिक महाराष्ट्र में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और एक नई ऊंचाई पर ले जाने युवाओं से आह्वान किया। इस दौरान कोण्डागांव कलेक्टर ने जिले के युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए युवाओं की भूमिका अग्रणी रही है। जिले में युवाओं के हर क्षेत्र में विकास के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संकुल उमरगांव अ में दो दिवसीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 11 और 12 जनवरी को ग्राम देवखरगांव में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि अनिरूद्ध नेताम सरपंच उमरगांव अ कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य किरण नाग और विशिष्ट अतिथि सचिव मेश्राम की गरिमामय उपस्थिति में हुई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर उनके आदर्श वाक्य उठो जागो और तब तक मत रुको जबतक मंजिल न मिल जाये के साथ ही उनसे जुड़े प्रेरणादायक बातों को बताया गया।



#### कार्यक्रम ने मोहा सभी का मन

सभी 11 विद्यालय के छात्राओं द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। संकुल समन्वय गिरीश गोस्वामी, मनोरमा कश्यप प्रधान अध्यापक माध्यमिक सहदेव नेताम, हीरा सिंह, हृदय मंडावी, शिला सोनपीपरे, तुलाराम शोरी, समस्त प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक समेत सभी शिक्षक, विद्यार्थीगण, विधायक समिति के सदस्य, सफाई कर्मचारी मीडिया प्रभारी और बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### विजेताओं को पुरस्कार

सभी खेलों के परिणाम स्वरूप प्रथम द्वितीय पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमें सामुहिक एवं व्यक्तिगत खेल में मुख्य अतिथियों द्वारा प्राथमिक वर्ग पटेलपारा और मध्यमिक वर्ग जोन्दरापदर को आलओवर चौम्पियनशिप प्रदान की गई। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजआरोहण के साथ दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन हुआ।अतिथियों का स्वागत सभी प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक एवं संकुल समन्वयक उमरगांव अ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। 11 विद्यालय के 457 बच्चों ने भाग लिया। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में मुख्य रूप से प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग में 100 मीटर एव 200 मीटर दौड़,बोरा दौड कबड्डी, गोला फेंक,घड़ा दौड़, रस्सी कूद, खो खो आदि खेल शामिल किए गए।

# कलेक्टर ने किया कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण, व्यवस्था को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां कार्यरत श्रमिकों से बातचीत की और व्यवस्थाओं के संबंध में जायजा लिया। उन्होंने यहां कार्यरत श्रमिकों को संगठित कर्मकार योजना के तहत पंजीकृत करने के निर्देश दिए, जिससे उन्हें श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने सभी श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने इसके साथ ही परिसर में छोटे बच्चों की देखरेख की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए, जिससे वे महिलाएं भी कार्य कर सकें, जिनके छोटे बच्चे हैं। उन्होंने फैक्ट्री में उत्पादित अपशिष्टों के प्रबंधन के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने इस दौरान परिसर में पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का भी मुआयना किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम सहित लाईवलीहुड मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी पुनेश्वर वर्मा एवं कोंडानार गारमेंट फैक्ट्री प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयोजन : गायत्री शक्तिपीठ प्रमुखों की हुई बैठक

# 101 दीप यज्ञ कर मानसिक रोगियों के स्वस्थ होने की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव नगर में शहीद भगत सिंह वार्ड स्थित शांति फाउंडेशन के संचालक यतीन्द्र छोटू सलाम द्वारा फाउंडेशन परिसर में दीप यज्ञ संपन्न करने की मंशा जाहिर करने पर गायत्री शक्तिपीठ कोंडागांव के वरिष्ठ एसपी विश्वकर्मा सृजेता, शक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी शत्रुघ्न कोर्राम तथा उपस्थित सभी ट्रष्टियों एवं सदस्यों को बैठक में अवगत कराने पर प्रस्ताव पारित कर शांति फाउंडेशन परिसर में शक्तिपीठ के महिला प्रकोष्ठ जिला समन्वयक श्रीमती दीपमाला वैष्णव द्वारा उनके महिला टोली के साथ श्रीमती केकती देवांगन, सुशीला नागे हूमन पटेल आदि बहनों की उपस्थिति में 101 दीपों के द्वारा दीप यज्ञ संपन्न कर किया गया।



फाउंडेशन में उपचारार्थ रखे गये लगभग 50 महिला पुरुष मानसिक रोगियों के स्वास्थ्य लाभ एवं सद्बुद्धि के लिए दीप यज्ञ संपन्न कर सभी लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए आद्य शक्ति मां गायत्री, परम पूज्य गुरुदेव एवं वंदनीया माता जी से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर शांति फाउंडेशन के लिए गायत्री शक्तिपीठ कोंडागांव की ओर से दीप पूजन सामग्री एवं भोजन प्रसाद आदि की व्यवस्था की गई। जानकारीएसपी विश्वकर्मा सृजेता द्वारा दी गई।

#### अयोध्या से प्राप्त मंगल कलश का कराया दर्शन

यज्ञ आयोजन की समाप्ति पर रामलाल मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण स्वरूप अयोध्या से प्राप्त मंगल कलश का भी लोगों के बीच दर्शन कराया गया तथा विश्व हिंदू परिषद मंडल कोंडागांव के साहू, फाउंडेशन संचालक छोटू यतीन्द्र सलाम के साथ पहुंचकर कलश के बारे में भी सभी को अवगत कराया एवं 22 जनवरी को सभी लोगों को अपने–अपने घर मोहल्ला में दीप जलाकर भजन कीर्तन करने बताया गया ताकि राम लाल के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में हम सभी सहभागी बने।

### अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने नवपदस्थ कलेक्टर का किया स्वागत

कोण्डागांव। छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल एवं जिला सचिव ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में कर्मचारी संगठनों का प्रतिनिधिमंडल कोण्डागांव जिले में नव पदस्थ जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत से सौजन्य मुलाकात की। कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने



कलेक्टर के कोंडागांव जिला में पदस्थापना पर उनका स्वागत करते हुए विभिन्न कायोंर् एवं गतिविधियों में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। जिला कलेक्टर कुणाल दुद्धावत ने भी सभी के साथ मिलकर दायित्वों के निर्वहन करने एवं कर्मचारियों के साथ सहयोगात्मक सम्बन्ध स्थापित कर शासन के विभिन्न योजनाओं एवं कार्यो को सम्पादित करने की बात कही । इस मुलाकात एवं स्वागत कार्यक्रम में जिला संयोजक नीलकंठ शार्दूल, जिला सचिव ऋषिदेव सिंह, जिला कोषाध्यक्ष श्रीनिवास नायडू, पदाधिकारी संजय ठाकुर, बलराम सिंह यादव, सुरेश घाटोडे, राजु नायर, चमन लाल वर्मा, बीएस.ठाकुर, विजय यादव, संजय कुमार राठौर, मन्नाराम नेताम, प्रभाकर सिंह, बलराम निषाद, राजकुमार मंडावी, अनुप विश्वास, अशोक साहू, अरुण विश्वास, मिहिर राय, हेमंत कुमार मरकाम, प्रकाश सेठिया आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया कोंडागांव जिला मुख्यालय में स्थित खेल अधोसंरचनाओं का निरीक्षण



कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुद्धावत ने शुक्रवार को कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित खेल अधोसंरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रवास परिसर में आईटीबीपी के माध्यम से दिए जा रहे तीरंदाजी प्रशिक्षण के साथ ही एनसीसी मैदान तथा बंधापारा में निर्माणाधीन तीरंदाजी प्रशिक्षण केन्द्र, वॉलीबाल, कबड्डी मैदान और जुडो का निरीक्षण किया। उन्होंने बालक छात्रवास परिसर में दिए जा रहे प्रशिक्षण का अवलोकन करने के साथ ही यहां संचालित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम, डिप्टी कलेक्टर अंकित चौहान, वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के प्रभारी कार्यपालन अभियंता अजय चौधरी उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



कोण्डागांव। कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पराज अनंत निदेशक एवं विशिष्ट अतिथि उत्तम मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी, जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव रहे। सर्व प्रथम अतिथियों एवं सभी प्रशिक्षुओं ने स्वामी विवेकानंदजी के छायाचित्र की पूजा अर्चना किये। श्री मानिकपुरी ने कहानी के माध्यम से सत्संग का लाभ एवं लक्ष्य निर्धारण पर अपने विचार रखे। तत्पश्चात अनंत सर ने भी सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाए देते हुए कहा कि स्वामी जी हमेशा कहते थे कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए। कंचन जैन और सीमा तिवारी प्रशिक्षिका एवं बच्चो ने भी अपने अपने विचार रखें तथा रंगोली के माध्यम से भी स्वामी विवेकानंद के आदर्शो को उकेरा गया। कार्यक्रम में पुष्पराज अनंत, उत्तम मानिकपुरी, पीताम्बर नेताम, वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम एवं सभी प्रशिक्षिका प्रशिक्षु उपस्थित रहे ।

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की ली समीक्षा बैठक



कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गुरूवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आहुत की गयी। इस बैठक में कलेक्टर ने जिले में स्वास्थ्य संबंधी अवसंरचनाओं एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों को जल्द से जल्द पूरा करने पर बल दिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों की व्यवस्था पर चर्चा करते हुए प्रतिदिन स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी के माध्यम से उपचार कराने वाले लोगों की संख्या की विस्तृत जानकारी ली।

# जन शिक्षण संस्थान में किया 50 प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत प्रशिक्षण प्राप्त 50 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया। तथा उत्कृष्ट प्रशिक्षार्थी कमल एवं ज्योति को वर्सेटाइल बुटिक के संचालक सुनील कुर्रे एवं प्रशिक्षिका दुर्गा कुर्रे के माता गंगा बाई कुर्रे के द्वारा नया सिलाई मशीन का उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवन नेताम जिला रोजगार अधिकारी कोंडागांव ने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं दिए एवं निरंतर कार्य को करने के लिए प्रेरणा भी दिए। उन्होंने बताया कि वे खुद एक सफल टेलर रह चुके है। विशिष्ट अतिथी रवि शर्मा यंग प्रोफेशनल जिला रोजगार कार्यालय कोंडागांव चन्द्रकुमारी कोर्राम प्राचार्य कन्या उच्च माध्य विद्यालय कोंडागांव सावित्री कोर्राम महिला बाल विकास एवं संरक्षण अधिकारी पुष्पराज अनंत निदेशक एवं उत्तम मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को नए वर्ष तथा प्रमाण पत्र प्राप्ति तथा आगे बढ़ते रहने के लिए अपने अपने अनुभवों को साझा किये ।

# ग्राम पलना में आयोजित ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन में पहुंचे विधायक टेकाम

फरसगांव। ब्लाक के ग्राम पलना में आयोजित चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन मुख्यातिथि केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में किया गया। इस आयोजन में फरसगांव ब्लॉक के 50 संकुलों के अंतर्गत आने वाले स्कूलों को 16 जोन में बांटा गया था, जिसमे दो हजार से अधिक खिलाड़ी बच्चों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। इस ब्लॉक स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस आयोजन ने सभी खेलों में विजेता खिलाड़ियों को मुख्यातिथि के द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच शामली सलाम, भाजपा नेता प्रवीर बदेशा, तरुण साना, झाड़ीराम सलाम, शैल सेठिया, गणेश जायसवाल, प्रशांत पात्र, परमेश्वर सेठिया, विजय लांगड़े, जयलाल नाग, तलसीलदार डॉ जयकुमार नाग, ब्लाक शिक्षा अधिकारी टीडी नेताम सहित शिक्षक शिक्षकाएं खिलाड़ी बच्चो के साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





## जयंती पर युवा नेतृत्व, चरित्र निर्माण पर व्यख्यान माला आयोजित



कोण्डागांव। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस 12 जनवरी के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य राज कुमार रामटेके ने स्वामी जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व्याख्यान माला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी रा. से.यो. ब्रजेश तिवारी ने विवेकानंद के व्यक्तित्व के रोचक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया। साथ ही उनके प्रसिद्ध कथन उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको का विश्लेषण कर समझाया । संस्था प्राचार्य व मुख्य वक्ता ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। व्याख्यता योगेश खापर्डे ने विवेकानंद के जीवन का प्रेरक प्रसंग बंदर की कहानी सुनाइ। उमाशंकर साहू ने विवेकानन्द की शिकागो यात्र का रोचक वृतांत सुनाया। सय्यद तौसीफ आलम ने विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। भावना ठाकुर ने रोचक उदाहरण पेश किया। वेणुका सिवना ने आदर्श विद्यार्थियों लक्षणों के बारे में बता कर विद्यर्थियों को प्रेरणा लेने की बात कही ।

## रोमांचक मुकाबले में अंतिम ओवर पर हुआ मैच का फैसला

# कौशलेंद्र की शतकीय पारी के बाद भी नहीं जीत पाई लालबाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम के अंचल के पहले टर्फ मैदान में ड्यूज बाल 20-20 क्रिकेट स्पर्धा के रोमांचकारी फाइनल मैच में अंचल के दो टीम के बीच मुकाबला हुआ। अंतिम ओवर में बीआईओसी की टीम लालबाग जैसे धुरंधर टीम को मात देते विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। लालबाग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया जो कप्तान कौशलेंद्र के ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से सही साबित होता दिखा। लालबाग के अक्षय और अनस सलामी बल्लेबाजी करने उतरे। दोनों के बीच केवल 12 रनों की साझेदारी हुई। 3 ओवर में अक्षय को कारणदीप ने 9 रन पर पगबाधा आउट किया। इसके बाद अनस भी रंजन की गेंद पर आउट हुए। लालबाग के बेहतरीन बल्लेबाज स्थापित हो चुके अनस फाइनल मैच में अपने टीम के लिए केवल 15 रन जुटा पाए। लालबाग की टीम 2 विकेट 35 रनों पर गिरने के बाद कप्तान कौशलेंद्र मैदान पर उतरे। उन्होंने कप्तानी पारी खेलते फाइनल मुकाबला में शानदार 100 रन बनाए। वे रुद्र की गेंद में बोल्ड हुए। कौशलेंद्र 55 गेंदों में 7 छक्का 10 चौके की मदद से 106 रन ठोके। इस तरह लालबाग की टीम 18 ओवर के मुकाबले में 5 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाया। बीआईओसी के कप्तान करणदीप ने 3 ओवर 15 रन 1 विकेट और रुद्र प्रताप ने 3 ओवर 24 रन 2 विकेट लिया। 155 रनों के पीछा करने उतरे बीआईओसी टीम के संयम जैन और अमृत पाल ओपनिंग बल्लेबाजी करने उतरे। करणदीप की तूफानी पारी से बीआईओसी मैच अपने कब्जे में कर फाइनल जीता। बीआईओसी के दोनों सलामी बल्लेबाजो ने 4 ओवर में 35 रन जोड़े। पहला विकेट अमृत पाल 19 रन बनाकर कौशलेंद्र की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद विस्फोटक बल्लेबाज शेख जहान मैदान में त्रये। दोनों ने 14 ओवर में 75 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 110 रनों तक पहुचाया। संयम जैन ने शानदार पारी खेलते हुए 53 रन बनाकर आउट हुए। आखरी के 24 गेंदों में बीआईओसी की टीम को जीतने के लिये 47 रनों की आवश्यकता थी। संयम के आउट होने के बाद टीम के कप्तान करणदीप सग्गू मैदान पर उतरे। करण ने मात्र 15 गेंदों में नाबाद 37 रन ठोक दिया। जिसमें 3 छक्का 3 चौका सम्मलित था। जबकि अन्य बल्लेबाज जहान ने 31 गेंदों में 45 नाबाद रन जोड़े।

#### विजेता को 31 हजार और ट्रॉफी

समिति प्रमुख प्रदीप गुहा ने बताया ड्यूज बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल विजेता टीम बीआईओसी को 31 हजार नगद और ट्रॉफी प्रदान किया गया। जबकि उप विजेता टीम लालबाग को 21 हजार और कप प्रदान किया गया। इसके साथ सेमी फाइनल पहुंचने वाली टीम को नगद राशि के साथ अन्य पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने बताया बेस्ट बल्लेबाज,बेस्ट गेंदबाज और बेस्ट फील्डर को भी विशेष पुरस्कार से नवाजा गया मेन ऑफ द सीरीज कारणदीप को 5000 रुपये नगद प्रदान किया गया। जबकि बेस्ट बैट्समैन शेख जहान 2500, बेस्ट बॉलर करणदीप को 2500, बेस्ट कीपर के रूप में गौरव को 1000, बेस्ट फील्डर शेख जहान 2500 रुपये और अमर्जिन प्लेयर के रूप में आदित्य गुहा को दिया गया। इसी तरह सेमीफाइनल में हारकर बाहर हुई तोकापाल और परचन पाल की टीम को 2500-2500 नगद और ट्रॉफी प्रदान किया गया।

## पेज 9 के शेष

#### हसदेव की कटाई ....

नाग के अलावा श्रीमती रुकमणी कर्मा, बलदेव मौर्य, संतु मौर्य, बलदेव मंडावी, बसंत कश्यप, बनसिंह मौर्य, पूरन कश्यप, भुवनेश्वर कश्यप, देवी प्रसाद बेंजाम, शिवलाल मंडावी, मनबोध, लक्ष्मीनाथ कश्यप, लंबोदर मौर्य, सुजाता मांझी समेत समाज प्रमुख मौजूद थे।

#### जिलाबदर के ....

में डीएसपी विशाल गर्ग, निरीक्षक कविता धुर्वे, एसआई अरूण मरकाम, एएसआई छुबी ठाकुर, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, आरक्षक प्रकाश नायक व राकेश मंडावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

#### फरसागुड़ा की ....

मिली। गीतांजली ने कहा कि शुरू से लेकर अभी तक की मेरी पढ़ाई और कैरियर में मेरी माता हर पल हर समय मेरे मनोबल को ऊंचा उठाने और हिम्मत के साथ डटे रहने के लिए प्रेरित करती रही। उन्होंने बचपन से संघर्ष किया है इसलिए मुझे भी हर हाल में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष करने की बात कहती रही। मेरी इस सफलता में माता के अलावा चाचा और पूरे परिवार और दोस्तों का काफी सपोर्ट रहा है। 75 साल के मेरे नाना नवीन चंद्र पारख हमेशा कहते रहे कि मैं कानून की पढ़ाई कर रही हूं इसलिए जज जरूर बनूंगी। जब 11 जनवरी को परिणाम आया तो उन्होंने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। गीतांजली ने कहा कि सिविल जज बनने का मेरा सपना पूरा हो गया है, अब इसी फील्ड में रहकर आगे बढ़ना है और लोगों की सेवा करना है।

#### मोबाइल चोर ....

पंजीबद्ध के उपरान्त बारसूर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रार्थी के बताये चोर के हुलिया एवं पहने कपड़े के आधार पर बारसूर नगर में लगे सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बताये हुलिया के व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम अनिल उज्जी पिता पाकलू उज्जी उम्र 29 वर्ष निवासी बड़ेतुमनार थाना गीदम का होना बताया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से चोरी हुये मोबाइल को बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लास के साथ मनेगा गणतंत्र दिवस

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में आज महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन की आवश्यक रूपरेखा तैयार कर विभागवार दायित्व सौंपा गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नगर के हायर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में प्रतिवर्ष की भांति प्रातः 9 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए विशेष सावधानी के साथ समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, एसडीएम जयंत नाहटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### संकल्प शिविर में ग्रामीणों ने बताई समस्या

**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोदली में बोदली व फुंडरी पंचायत का विकसित भारत संकल्प यात्रा आज आयोजित किया गया। जिसमें दोनों पंचायत के सैंकड़ों ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों ने शिरकत कर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा शिविर में सभी विभागों के स्टाल पर जाकर विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष गीदम सुधराम भास्कर, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष मनीराम हपका, सरपंच कमला मोड़ियाम, शैलेश अटामी, पवन कर्मा, रामदेव वेट्टी, जगत बघेल, राज, शिव कुमार पुनेम, सीता मोड़ियाम, सुखराम पुनेम, राजू मोड़ियाम उपस्थित रहे। सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल आयोजन करवाया।

### कार्यशाला में डीआरजी का किया उन्मुखीकरण

**बस्तर।** एफएलएन के अंतर्गत दो दिवसीय नींव बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। समग्र शिक्षा एवं लैंग्वेंज एंड लर्निंग फाउंडेशन के तत्वावधान में बस्तर डाइट में प्रशिक्षण किया जा रहा है। सैम्पल आंकलन डाटा के आधार पर विस्तार से चर्चा किया गया। बस्तर जिला अंतर्गत सभी ब्लॉक के डीआरजी उपस्थित होकर कक्षा कक्ष, शिक्षक प्रक्रिया अवलोकन के अनुभव साझा किये। कक्षा में चलने वाली गतिविधियां जैसे मौखिक भाषा विकास , डिकोडिंग, पठन लेखन पर कार्य कैसे करें, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। कक्षा पहली और दूसरी के साप्ताहिक शिक्षण योजना एवं कक्षा तीसरी की शिक्षण योजना शिक्षक संदर्शिका कक्षा पहली और दूसरी साथ ही तीसरी अभ्यास पुस्तिका पर समझ बनाने के लिए डीआरजी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन राज्य टीम से संजय गुलाटी, मधुलिका झा के द्वारा प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस मौके पर एलएलएफ से डीपीएम सचिन, डीएसी सुनील सिन्हा बस्तर जिले के सभी ब्लॉक अकादमिक समन्वयक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास के लिए 150 लोगों ने किया आवेदन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं की प्रचार एलईडी वाहन शनिवार को नगर पंचायत बस्तर के मेला स्थल पर पहुंची। केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने के लिए ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें नगर पंचायत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड अपडेट, गैस कार्ड अपडेट बनाने का कार्य किया गया।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में महिला बाल विकास विभाग द्वारा चार महिलाओं को गोदभराई कार्यक्रम व आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित नगरवासियों के साथ साझा की। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष डोमाय मौर्य, उपाध्यक्ष शालिनी सेमसन, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदबो राम नाग, अरुण परिहार, डॉ. व्हीएस राजपूत, नरेंद्र जोशी, पार्षद अंकित पारख, मनीराम एवं नगरीय निकाय संयुक्त संचालक मिथलेश अवस्थी, अधीक्षण अभियंता संभागीय एनएन उपाध्याय, नगर पंचायत सीएमओ कृष्णा राव, उप अभियंता रोहित नाग, बीएमओ पीएन शाण्डिल, एबीईओ सुशील तिवारी, राजस्व निरीक्षक राकेश अग्रवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के नगर पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

# इंद्रावती नदी पार के पहुरनार पहुंची संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



विकसित भारत संकल्प यात्रा आज गीदम ब्लॉक के इंद्रावती नदी पार के ग्राम पंचायत पहुरनार पहुंची। जहां पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया व विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिये।

जनपद पंचायत गीदम सीईओ क्रांति ध्रुव ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर एक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर लाभ देना है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा वाली वाहन पहुंचने पर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, सभी हितग्राही इसका लाभ अवश्य लेवें। ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। संकल्प शिविर में योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। प्रधानमंत्री के मंशानुसार अंतिम व्यक्ति तक प्रचार-प्रसार कर जागरूक किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम के स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल शासकीय कन्या उमा विद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। गौरतलब है कि युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक के जयंती पर प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल शासकीय कन्या उमा विद्यालय गीदम में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर संस्था के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली, चित्रकला, पोस्टर एवं स्लोगन उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाये आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें संस्था प्राचार्य कैलाश नीलम, ओजोन इको क्लब प्रभारी मोहेंद्र सिंह मंडावी, संकुल समन्वयक योगेश सोनी, व्याख्याता राकेश मिश्रा, महेन्द्र मंडावी, सीता सिंह, नोखेलाल निषाद व अन्य सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा आज जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर वहां पर मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और कहा कि अस्पताल परिसर सहित सभी वार्डों एवं प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें। इसके अलावा मरीजों को व्यर्थ इधर-उधर भटकना न पड़े, इसके लिए वार्डों एवं चिकित्सा कक्षों की सुस्पष्ट जानकारी देने के लिए दिशा निर्देश बोर्ड की व्यवस्था करें। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर कपिल देव कश्यप के द्वारा जिला अस्पताल में संचालित मेडिकल वार्ड, कैजुअल्टी वार्ड, आईसीयू, एसएनसीयू हमर लैब, पीआरसी ओटी हीमोडायलिसिस एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही कलेक्टर के द्वारा जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के संचालन के लिए हेल्थ एक्शन प्लान एवं मानव संसाधन आवश्यक दवाइयां एवं ऑक्सीजन प्लांट के लिए एक प्लान तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जयंत नाहटा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक मौजूद थे।

# बच्चों को कराया स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम के व्यावसायिक पाठ्यक्रम हेल्थ केयर के 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम व मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम में 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया जा रहा है। भारत सरकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम के डॉक्टरों एवं स्टाफ के द्वारा आज छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। जिसमें प्राथमिक उपचार करना, ड्रेसिंग करना, बेड मेकिंग करना, इंजेक्शन लगाना, वाइटल साइन लेना, ब्लड शुगर चेक करने जैसे विभिन्न गतिविधियों को सिखाया जा रहा है। स्कूल के प्राचार्य कैलाश नीलम एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रभारी आरती देवांगन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को इंटर्नशिप कराया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर अमन भूषण, आरएमए डॉ अतीक अंसारी, विद्यालय की व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रभारी आरती देवांगन एवं दीपमाला चौहान उपस्थित रहे।

# इंटक ने सीएमडी को 15 बिंदुओं का सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी के किरंदुल आगमन पर मेटल माइन वर्कर्स यूनियन (इंटक) के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के नेतृत्व में आज परियोजना के कर्मचारियों एवं नगर परिवार के हित में 15 बिंदुओं का मांगपत्र श्रम संघ द्वारा सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से 1 जनवरी 2022 से लंबित कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतन समझौता को माह फरवरी 2024 तक पूर्ण करने, एनएमडीसी के रिक्त पदों पर कर्मचारियों की भर्ती शीघ्र करने, परियोजना चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टॉफ के नियमित पदों पर भर्ती के साथ ही साथ अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान करने, किरन्दुल परियोजना में बहुप्रतीक्षित ओव्हर ब्रिज का निर्माण कार्य लगभग 13 वर्षों से अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है, इस कार्य को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कराये जाने, साथ ही साथ रेलवे द्वारा किये गये सर्वेक्षण के पश्चात लंबित रेलवे स्टील ब्रिज एवं फुट ब्रिज (रेलवे स्टेशन के समीप) निर्माण कार्य को गति प्रदान करने, मशीनों, कल-पुर्जों, औजारों एवं उपकरणों की कमी को दूर किये जाने, जिससे उत्पादन एवं उत्पादकता प्रभावित न हो, परियोजना के अंतर्गत चिकित्सा, सेवा, समस्त निर्माण कार्यों आदि समस्त प्रकार के कार्यों का नियंत्रण एवं निगरानी बीआईओएम, किरन्दुल कॉम्प्लेक्स के परियोजना प्रमुख के अधीनस्थ किये जाने, वर्तमान में किरन्दुल-विशाखापटनम यात्री रेल की सुविधा है, किंतु चिकित्सकीय परामर्श उपचार हेतु हैदराबाद जाने के लिए रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है, किरन्दुल से हैदराबाद जाने हेतु रेल सुविधा के विस्तार हेतु रेलवे के उच्चाधिकारियों से पत्राचार किये जाने, साथ ही साथ जगदलपुर से भुवनेश्वर तक की जो यात्री रेल सुविधा है, उसका विस्तार करते हुए किरन्दुल तक अथवा कम से कम दंतेवाड़ा तक रेल यात्रा की सुविधा प्रदान करने हेतु रेलवे से चर्चा किए जाने, किरन्दुल-दंतेवाड़ा मार्ग अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है, ग्राम पाढ़ापुर के पास सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर धंस गया है जिसके कारण दुर्घटनायें घटित हो रही है, शीघ्र सड़क मरम्मतीकरण किए जाने, साथ ही साथ बचेली से किरन्दुल मार्ग की बंद हो चुकी स्ट्रीट लाईट को सुधरवाने, जिससे बचेली से किरन्दुल तक रात्रि कालीन सेवा एवं चिकित्सकीय कार्य से आने-जाने वाले कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित आवागमन किया जा सके, किरन्दुल एवं बचेली नगरवासियों के लिए पाढ़ापुर स्थित एकमात्र मुक्तिधाम है, सुविधाओं में उन्नयन करते हुए विद्युत शवदाह गृह का निर्माण एवं वहां पर भवन, पोस्टमार्टम हेतु कक्ष, गार्डन, जल आदि सुविधायें उपलब्ध कराने, परियोजना क्षेत्रांतर्गत विविध सामाजिक, सांस्कृतिक भवन पुराने हो चुके हैं, जिनका जीर्णोद्धार कराये जाने, गीदम एजुकेशन हब की भांति किरन्दुल-बचेली क्षेत्रांतर्गत एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स एकेडमी की सुविधा प्रदान किए जाने, जिससे कि स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिल सके, परियोजना द्वारा चिकित्सकीय कार्य एवं विद्यार्थियों के लिए किरन्दुल से हैदराबाद एवं विशाखापट्नम निःशुल्क परिवहन सेवा प्रदान की जा रही है, इसी तर्ज पर किरन्दुल से रायपुर एवं दुर्ग के लिए भी बस सेवा संचालित किए जाने, निगम द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिस पर आगामी कार्रवाई शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण की जाये, परियोजना क्षेत्रांतर्गत निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारतों में अत्याधुनिक अग्निशमन सेवा सुविधा उपलब्ध करायी जाये, जिससे आकस्मिक परिस्थितियों में किसी भी गंभीर दुर्घटना की आशंकाओं को खारिज किया जा सके, समस्त आवासीय कॉलोनियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सांस्कृतिक कला मंच निर्माण कार्य कराया जाये, परियोजना का लोडिंग प्लांट नगर के आवासीय कॉलोनियों के निकट में स्थित होने के कारण समय-समय पर अनेक प्रकार की परेशानियों (सड़क दुर्घटना, धूल, ध्वनि प्रदूषण आदि) का सामना करना पड़ता है। अतः भविष्य में योजनाबद्ध तरीके से लोडिंग प्लांट को आवासीय कॉलोनियों से दूर विस्थापित किये जाने, इसके अलावा अन्य मुद्दों पर मौखिक रूप से सार्थक परिचर्चा की गई।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए पानी की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड



बिन पानी के तो बड़े-बड़े पेड़ भी मुरझा कर दम तोड़ देते हैं, तो फिर सुकोमल पौधों और फूलों की क्या बिसात? पानी के बगैर आंगनबाड़ी के फूल भला कैसे खिले और मुस्कुराते रह सकते हैं। बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर के आश्रित ग्राम बनियागांव के आंगनबाड़ी केंद्र के फूलों की भी यही हालत हो गई है। आंगनबाड़ी केंद्र बनियागांव में बच्चों और कार्यकर्ता व सहायिका के पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। आंगनबाड़ी केंद्र में क, ख, ग घ, सीखने के लिए जो बच्चे आते हैं, उन्हें प से पानी का रट लगाते देखा जा सकता है। प्यास से तड़पते बच्चों को राहत पहुंचाने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका आस-पास स्थित घरों से पानी मांगकर लाती हैं। पहले आंगनबाड़ी केंद्र के सामने हैंडपंप था, जिससे बच्चों के लिए पानी का इंतजाम हो जाता था। हैंडपंप को निकाल कर बोर में मोटर पंप लगा दिया गया। कुछ दिनों बाद ही मोटर पंप खराब हो गया और बोर से पानी निकलना बंद हो गया है। बच्चों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। कार्यकर्ता बस्ती के घरों से पानी लाकर बच्चों के लिए खाना बनाती हैं, उन्हें खिलाती हैं और बर्तन की सफाई करती हैं। मोटर पंप खराब हो जाने के बारे में गांव के सरपंच को कई बार कार्यकर्ता द्वारा अवगत कराया जा चुका है, लेकिन पंप सुधारा नहीं जा सका है। खेलते-खेलते बच्चे बोर के पाइप से कई बार घायल भी हो चुके हैं। बोर के अंदर पाईप भी गिर चुका है। उसे भी निकाला नहीं जा सका है।



## खबर संक्षेप

### युवा दिवस पर नृत्य और निबंध प्रतियोगिता



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस पर धरमु महारा शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नृत्य, एकल नृत्य, स्पीच, प्रेरक प्रसंग की प्रस्तुतियां दी गई। रेड रिबन इकाई के तत्वावधान में निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### विधिक शिविर में दी गई कानूनी जानकारी



**जगदलपुर।** प्राचार्य बीएस रामकुमार शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मार्गदर्शन में शनिवार को शाला के सभागार में विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य वक्ता अमित कुमार कोहली द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर मौजूद थे। उनके द्वारा माध्यमिक विभाग एवं हायर सेकेंडरी विभाग के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को विधि साक्षरता संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया से दूरी कैसे बनाएं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दुरुपयोग करके बहुत लोग जेल गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सकारात्मक उपयोग करें। उन्होंने लैंगिक अपराध, गुड टच बेड टच के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। आभार प्रदर्शन शाला के वरिष्ठ व्याख्याता शुभ्रा कुंडू ने किया। इस अवसर पर योगेश दास, राम रजनीश बाजपेई, निरंजन दास, अनिल जैन, हरेंद्र सिंह राजपूत, शैलेश भारती, हरेश कुमार उपस्थित रहे।

### नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**धमतरी।** श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिये मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके तहत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 तक थी, किन्तु विधानसभा चुनाव के आदर्श आचरण संहिता की वजह से कई विद्यार्थी योजना का लाभ लेने से वंचित हो गये हैं। इसके मद्देनजर ऑनलाइन आवेदन की तिथि दो माह बढ़ाकर 31 मार्च तक की गई है।

### कौशल परीक्षा 21 को

**धमतरी।** जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में स्टेनोटाइपिस्ट, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी और सहायक ग्रेड-तीन के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये कौशल परीक्षा 21 जनवरी को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जायेगी। चयन समिति की अध्यक्ष एवं एडीजे सुनीता टोप्पो ने बताया कि स्टेनो टाइपिस्ट हिन्दी के अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण सुबह 8.30 बजे से और परीक्षा 9.30 बजे से आयोजित होगी।

## जुलाई एवं अगस्त में स्थिति खराब थी व्यवस्था सुधारने जारी है प्रयास : आयुक्त

# जैसी उम्मीद थी वैसा ही रिजल्ट मिला स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण में जगदलपुर शहर के पिछड़ने के संबंध में आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि शहर में सर्वेक्षण जुलाई एवं अगस्त माह में किया गया था। जैसा की उम्मीद था वैसा ही परिणाम मिला। जुलाई, अगस्त में सर्वेक्षण के दौरान स्थिति खराब थी। जिस पर लगातार शहर की साफ सफाई व्यवस्था को लेकर कार्य योजना के साथ काम किया जा रहा है। जिसे सुधारने का प्रयास लगातार जारी है।

शहर की सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए 10 बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। जुलाई माह में सर्वेक्षण के दौरान शहर के 10 एसआरएलएम सेंटरों में केवल 6 एसएलआरएम सेंटर में कचरा पृथ्कीकरण का कार्य किया जा रहा था, जिसकी स्थिति भी काफी खराब थी, जिसमें सुधार करने की आवश्यकता थी। साथ ही 10 एसएलआरएम सेंटर को प्रारंभ करने की चुनौती थी। अगस्त माह में आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के पश्चात आयुक्त हरेश मंडावी ने इस पर कार्य करते हुए लगातार सेंटरों में जाकर व्यवस्था के सुधार के लिए कार्य करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारी के सहयोग से प्रारंभ किया गया। शहर के वार्डो् में डोर टू डोर कचरा संग्रहण में लोगों के द्वारा कचरे को मिक्स करके दिया जा रहा था, जिसमें सुधार की आवश्यकता थी। अभी वर्तमान में इस कार्य में सुधार करते हुए कचरा पृथक पृथक दिया जा रहा है। वहीं जुलाई माह के सर्वेक्षण के दौरान सभी घरों से कचरा कलेक्शन नहीं हो पा रहा था, जिस पर विशेष फोकस करते हुए डोर टू डोर कचरा संग्रहण हो इस पर ध्यान देते हुए वर्तमान में सभी घरों एवं दुकानों से कचरा संग्रहण किया जा रहा है फिर भी 100 प्रतिशत नही है। इस स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। डोर टू डोर कचरा ऑटो संग्रहण का कचरा डंप यार्ड में देखा जा रहा था, जिस पर पूर्ण प्रतिबंध करते हुए सभी कचरों को शहर के सेंटर में भेजा जा रहा है और कचरे का पृथ्कीकरण किया जा रहा है,जिससे दीदियों की आय में वृद्धि हुई है।

आयुक्त के मुताबिक पहले गीला सुखा मिक्स कचरा आने से गीले कचरे का प्रोसेसिंग नहीं हो पा रहा था और कंपोस्ट मशीन शुरू ही नही हो पाया था। इसीलिए गीले कचरे के लिए पृथक से दो सेंटर को अधिकृत किया गया है। इसे ध्यान में रख संजय मार्केट में रात्रि कालीन सफाई का कार्य प्रारंभ किया। जिसमें आज वर्तमान में संजय बाजार की सफाई व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। अन्य पब्लिक एरिया में भी नाइट स्विपिंग का प्लान है। वही वार्डो में एवं शहर के मुख्य नालियों के लिए पृथक से गैंग बनाकर सफाई की जा रही है जिसका सार्थक परिणाम मिल रहा हैं। लोगों में जागरूकता लाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं। साथ ही कचरे को नाली एवं सड़क पर फेंकने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

### शहर के 48 वार्ड में ब्यूटीफिकेशन पाइंट

आयुक्त ने बताया शहर के 48 वार्डो् में ब्यूटीफिकेशन पॉइंट बनाने के लिए कार्य योजना के साथ कार्य किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत शहर के आमागुड़ा चौक से किया गया है जिस पर कार्य लगातार जारी है वहीं शहर की सफाई के संबंध में निगम प्रशासन लगातार कार्य कर रहा है।

### नए डंप यार्ड बनाने शासन को भेजा गया डिमांड

लिगासी वेस्ट को खत्म करते नए डंप यार्ड बनाने के संबंध में सरकार को ट्रा मिल का डिमांड शासन को भेजा गया है उसके लगने से नालियों एवं सड़कों का कचरा भी सीधे सैरीगेट हो जाएगा। स्टार रेटिंग का सर्वे नवंबर में हुआ पर सर्वेक्षण के लिए ही ग्राउंड तैयार नहीं होने के कारण पिछले वर्ष की भांति ही एक स्टार मिल पाया। इस बार हर बिंदु पर काम किया जा रहा ताकि 5 स्टार पा सके।



### निगम लगातार कार्य योजना बना रहा

आयुक्त ने बताया शहर की सफाई के लिए निगम प्रशासन लगातार कार्य योजना बनाकर कार्य कर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में प्रयासरत है। पूरे सिस्टम को सुधारने एवं उस पर कार्य करने का प्रयास जारी है। जिस पर सभी शहर के नागरिकों की सहभागिता जरूरी है। अभी सफाई को लेकर केवल शुरुआत हुई है उस पर काफी कार्य करना बाकी है और उसमें समय भी लगना स्वाभाविक है। हम सब मिलकर शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में और बेहतर करते अगले वर्ष अच्छा रैंक हासिल करेंगे।

## छात्र-छात्राएं स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें: नेमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कुलपति डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव और कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेयी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के छात्र और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव से ऑनलाइन जुड़े। कालीपुर स्थित कैंपस के एमबीए भवन में इस कार्यक्रम के ऑनलाइन प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के छात्रों ने उनके संबोधन को सुना। कार्यक्रम में अलग-अलग अध्ययनशाला के 70 से ज्यादा छात्र शामिल हुए। इस दौरान विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पहले विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते छात्रों को स्वामी विवेकानंद के प्रमुख विचारों से अवगत करवाया और उन्हें आत्मसात करने के साथ ही समाज व देश को बदलने में अपना योगदान देने की अपील की।

### लक्ष्य निर्धारित कर पाने में जुट जाएं

प्रोफेसर डॉ. स्वपन कुमार कोले ने छात्रों से कहा कि स्वामी जी ने कहा था कि लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको ठीक उसी तरह आप भी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने में जी जान से जुट जाएं। डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा ने कहा कि स्वामी जी ने अभावों में जीवन जीते हुए 39 साल की छोटी सी उम्र वह कर दिया जो आज भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए अनुकरणीय है। डॉ विनोद कुमार सोनी ने स्वामी विवेकानंद के कृतित्व को आत्मसात करते हुए देश और समाज के उत्थान से जुड़े काम करने का आह्वान किया। संचालन और आभार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सजीवन कुमार ने माना।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम में सीआरपीएफ ने बांटे जरूरत के सामान

# बेहिचक एवं बिना डर के बल के कार्मिकों को बताएं अपनी समस्या: कमांडेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



ग्राम बेदरे, दुरन, दर्भा, मिसिगुडा, टेकलपारा के ग्रामीणों के लिये 165 बटालियन ने सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लगातार नक्सल प्रभावित गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन कर रही है। इसी क्रम में बेदरे एवं कुन्देर में तैनात सीआरपीएफ 165 बटालियन की कम्पनी के द्वारा दुरन-दर्भा, मिसिगुडा, टेकलपारा गांव में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धर्मेन्द्र कुमार झा कमांडेंट के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान पवन कुमार, उपकमांडेंट एवं अरविन्द कुमार मिश्रा, रांकी कसाना एवं सरपंच व अन्य ग्रामीण शामिल हुए। गांव के 400 लोगों को सभी प्रकार के उन्नत बीजों (सब्जी एवं धान) का वितरण किया गया। डा. आशीष शाण्डिल्य वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने मेडीकल कैम्प लगाकर जरूरत मंद एवं बीमार ग्रामीणों का इलाज किया तथा दवाइयां वितरित की गई। इससे पहले ग्रामीणों को कम्बल, साड़ी, पानी की टंकी एवं बर्तन इत्यादि सामानों का वितरण किया गया है। कमांडेंट ने आम जनता एवं युवाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि के.रि.पु.बल के कार्मिक आपकी सेवा के लिये यहां तैनात है। आप बेहिचक एवं बिना डर के बल के कार्मिकों से अपनी समस्या बता सकते हैं और हम इसका समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम के द्वारा कमांडेंट ने आम जनता के साथ आपसी विश्वास को बढ़ाने व स्थानीय लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर रचनात्मक कार्यो् में सहभागिता बढ़ाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के समापन में कैम्प कमांडर पवन कुमार ने आभार माना। इस दौरान बच्चों को चाकलेट एवं बिस्किट बांटे गये।

## विवेकानंद जयंती पर निकली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोटानार में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकालकर उनके प्रेरक संदेशों का वाचन किया गया। स्वामी विवेकानंद पूरे विश्व को आध्यात्म का संदेश देने वाले महान युग प्रर्वतक थे। आधुनिक दर्शन के महान प्रणेता, राम कृष्ण मिशन के संस्थापक और राजयोग के दार्शनिक स्वामी रामकृष्ण परम हंस के शिष्य संपूर्ण विश्व में हिन्दुत्व और योग की अलख जगाने वाले स्वामी विवेकानंद की 160वीं जन्म जयंती युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य आरके लोखंडे, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार सिंह और शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## एनोवेशन, रिसर्च तथा टेक्नोलॉजी के उच्च शिक्षा इकोसिस्टम का निर्माण जरूरी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



नई शिक्षा नीति का उद्देश्य तभी पूरा होगा जब छात्र अपने शिक्षक से बिना झिझक के बात करेंगे। शिक्षक को यह बिल्कुल भी नहीं समझना चाहिए कि वह परम विद्वान है, इसी वजह से उसके और छात्र के बीच दूरी बढ़ती है। यह दूरी अगर बढ़ती गई तो नई शिक्षा नीति की

- विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा संस्थान के लिए शैक्षणिक संवाद का आयोजन

अवधारणा पूरी नहीं हो पाएगी। नई शिक्षा नीति में सिखने पर जोर दिया गया है इसलिए शिक्षक छात्र के बीच ऐसा माहौल तैयार करें कि छात्र कभी भी उनसे बात कर सके।

यह बातें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के बीएड भवन में आयोजित शैक्षणिक संवाद में कुलपति डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कही। शैक्षणिक संवाद का आयोजन एबीवीपी की ओर से किया गया था। इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों के साथ संवाद करना था। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति क्या है इस पर चिंतन करना होगा। शिक्षा की गुणवत्ता के तहत अपने दायित्व का सभी निर्वहन करें। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इनोवेशन पर भी बात रखते हुए कहा कि इसे समझते हुए पढ़ाई करवाएं और छात्रों को नवाचार के लिए प्रेरित करें। संवाद से विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा, प्रोफेसर डॉ. स्वपन कुमार कोले, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. आरएस नेताम, प्राध्यापक केपी सिंह भी जुड़े। कार्यक्रम को एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार ने भी संबोधित किया और आयोजन के उद्देश्य पर अपनी बात रखी।

## बस्तर का एक भी बच्चा कुपोषित ना हो, हर गर्भवती महिला को सही पोषण आहार मिले : नागवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बस्तर की नॉन प्रॉफिटेबल ऑर्गेनाइजेशन निशा स्वर फाउंडेशन एक छत के नीचे छोटे से रूप में संपूर्ण बस्तर को दिखाने का प्रयास करने जा रही है। इसके लिए एक चित्र प्रदर्शनी रविवार की शाम 5 बजे बस्तर आर्ट गैलरी में प्रदर्शित की जाएगी। पिछले डेढ़ वर्ष से बस्तर में काम कर रही निशा स्वर फाउंडेशन कई क्षेत्रों में काम कर रही है। जिसमें गर्भवती महिला से लेकर कुपोषित बच्चे और निशक्त बच्चों के पढ़ाई शामिल है। निशा स्वर फाउंडेशन आर्ट के माध्यम से विभिन्न जनजातीय के रहन-सहन सहित उनकी विशेषताओं पर फोकस करने का प्रयास करते हुए दलपत सागर के निकट स्थित बस्तर आर्ट गैलरी में जीवंत चित्र प्रदर्शनी की विधिवत शुरुआत किया जा रही है। बस्तर की कला संस्कृति और धरोहर को चित्रण और विजुअली रूपांतरण के माध्यम से छोटे से रूप में ही सही पूरे संपूर्ण बस्तर को प्रदर्शित करने की योजना बनाई गई हैं। संस्था के फाउंडर और कोफाउंडर सहित सदस्यों ने नगर वासियों को इस वृहद चित्रण प्रदर्शनी में आमंत्रित किया है। इसके अलावा फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है। खासकर कुषोषण के खिलाफ सस्था ने बड़े अभियान की शुरुवात की है, इसके अलावा गरीब जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को मातृत्व फेस के दौरान न्युट्रिशियन,फिजिकल,मेंटल और इमोशनली सपोर्ट दे रहीं है। संस्था की फाउंडर निशा नागवंशी का कहना है कि उनका टारगेट है कि बस्तर का एक भी बच्चा कुपोषित ना हो, हर गर्भवती महिला को सही पोषण आहार मिले,बस्तर के हर डिसेबल बच्चों की पढ़ाई हो सके। संस्था विगत डेढ़ वर्ष से इस दिशा में काम कर रही है। गांव गांव जाकर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाएं दिखती है उसने चर्चा कर सही पोषण आहार उपलब्ध करवाया जाता है। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में महिलाओ और बच्चियों को सेनेटरी पैड के लिए जागरूक किया जाता है। संस्था की तरफ से अब तक 10 हजार से अधिक सेनेटरी पैड बाटे जा चुकें है। झरना मोहंती ने रविवार को होने वाले आयोजन के संबंध में बताया कि पुरे बस्तर संभाग से कलाकारों ने आर्ट पेंटिंग प्रदर्शनी के लिए भेजी है। प्रदर्शनी के दौरान चित्राकर पेंटिंग का जीवंत प्रतुतीकरण भी देगा, आर्ट पेंटिंग में पुरे बस्तर की कला संस्कृति को उकेरा गया है। संस्था का उद्देश्य है की बस्तर के कलाकारों को सही फ्लेटफार्म दिया जाए, चित्रण के माध्यम से बस्तर की सम्पूर्ण कला संस्कृति पुरे विश्व में जानी पहचानी जानी चाहिए। प्रदर्शनी के माध्यम से निशा स्वर फाउंडेशन का विधिवत लॉन्चिंग भी हो जायेगा। प्रदर्शनी निशुल्क होगा, प्रदर्शनी तमन्ना जैन, अदिति लुनिया, तशीश उपाध्याय, निशा बोथरा सहयोग दे रहें हैं।

## कर्मचारियों ने अभिकर्ताओं को 20 रन से हराया



**जगदलपुर।** रेलवे ग्राउंड में शनिवार को एलआईसी के अभिकर्ता एवं कर्मचारियों के बीच सोहार्द्र क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कर्मचारी टीम के कप्तान थामस फिलीप ने टास जीतकर बैटिंग करने का निर्णय लिया कप्तान सुकुमार धर की टीम ने पहले फिल्डिंग की। कर्मचारियों ने शानदार बैंटिग कर अभिकर्ता संघ को 15 ओवर में 126 रन का लक्ष्य दिया। अभिकर्ता संघ के ओपनर बैट्समेन भास्कर पाण्डे एवं मेघराज मैदान में उतरे। नोहर राजपुत नाट आउट रहे उन्होंने 29 रन बनाए, मनोज गुप्ता ने 3 विकेट और 15 रन के साथ मैन आफ द आल रांउडर का ट्राफी जीता। बेस्ट बैट्समेन का ट्राफी डी. संतोष को उनके 36 रन के योगदान पर मिला। कर्मचारी टीम 20 रन से विजयी रही। शाखा प्रबंधक राजेन्द्र भारती ने मैदान में मौजूद रहकर दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शानदार खेल के लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के कर्मचारी और खिलाड़ियों के परिवार बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री करते हुए सभी ने पूरे समय खेल का आनंद उठाया। इस मौके पर मैदान में गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ठ अभिकर्ताओं को दिए जाने वाले ट्राफी का भी प्रदर्शन किया गया।

## 3126 बीपीएल व 850 पम्प के उपभोक्ताओं को मिली राहत





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विद्युत कंपनी की ओर से बस्तर जिले के ग्राम चोकर में नवनिर्मित उपकेन्द्र का शुक्रवार को ईडी चार्ज किया गया। उपकेन्द्र से 12 गांव के 3126 बीपीएल एवं 850 पम्प के उपभोक्ताओं को राहत मिली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड द्वारा विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बस्तर जिले के अधीन ग्राम चोकर में 33,11 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत किया गया, जिसे 12 जनवरी को उर्जीकृत किया गया। इसके चलते उपकेन्द्र के पास 12 ग्राम आड़ावाल, नरायणपाल, भरनी, चोकर, करमरी, मारलेंगा, मुंडापाल, घाटकवाली, कुड़कानार, नदीसागर, बोडनपाल एवं झारतराई के लगभग 4300 उपभोक्ता लाभान्वित हुए। साथ ही उपकेन्द्र से बीपीएल 3126 एवं पम्प 850 उपभोक्ता शामिल है। उपकेन्द्र के निर्माण करने के लिये 33 केव्ही 12 किमी लाईन 400 केव्ही परचनपाल से चोकर तक खींची गई एवं 11 केव्ही लाईन के 16 किमी लंबे चार फीडर शामिल है, उपकेन्द्र की लागत लगभग 3 करोड़ 51 लाख 33 हजार 883 रूपए बताई जा रही है। उपकेन्द्र उर्जीकृत के दौरान ईडी के साथ कार्यपालन अभियंता एनके पोयाम, दिलीप कुमार सैनी, सुदीप कुमार खेस, सहायक अभियंता नंदलाल काशी आदि शामिल रहे।

### शिकायत पर स्थल पर पहुंचे

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि इस उपकेन्द्र से क्षेत्र के गांव के उपभोक्ताओं राहत मिलेगी। इसके लिए सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल स्थल पर पहुंच कर बंद बिजली को बहाल करें।

